## पेज 59

**प्रश्न 1:**

यदि किसी परमाणु में इलेक्ट्रॉनों की संख्या 8 है और प्रोटॉनों की संख्या भी 8 है तब,

(a) परमाणु की परमाणु संख्या क्या है?

(b) परमाणु का क्या आवेश है?

**उत्तर 1:**

(a) हम जानते हैं कि, परमाणु संख्या = प्रोटॉनों की संख्या

अतः, परमाणु की परमाणु संख्या = 8

(b) परमाणु का आवेश = प्रोटॉनों की संख्या – इलेक्ट्रॉनों की संख्या

= 8 – 8 = 0

अतः, परमाणु पर कोई आवेश नहीं है और परमाणु उदासीन है।

**प्रश्न 2:**

सरणी 4.1 की सहायता से ऑक्सीजन और सल्फ़र-परमाणु की द्रव्यमान संख्या ज्ञात कीजिए।

**उत्तर 2:**

हम जानते हैं कि, परमाणु की द्रव्यमान संख्या = प्रोटॉनों की संख्या + न्यूट्रॉनों की संख्या

अतः,

ऑक्सीजन परमाणु की द्रव्यमान संख्या

= प्रोटॉनों की संख्या + न्यूट्रॉनों की संख्या

= 8 u + 8 u

= 16 u

तथा

सल्फ़र परमाणु की द्रव्यमान संख्या

= प्रोटॉनों की संख्या + न्यूट्रॉनों की संख्या

= 16 u + 16 u

= 32 u